दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 166 मुरादाबाद 11 October 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# नहीं रहे जमीनी समाजवादी नेता मुलायम सिंह

## मुलायम सिंह की पार्थिव देह का CM योगी आदित्यनाथ ने किया अंतिम दर्शन



लखनऊ- समाजवादी पार्टी के संस्थापक तथा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का 82 वर्ष की आयु में आज गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार मंगलवार को तीन बजे इटावा के सैफई में होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाम को इटावा के सैफई में मुलायम सिंह यादव की कोठी में उनकी पार्थिव देह का अंतिम दर्शन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुलायम सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि दी। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह तथा जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी नेताजी का अंतिम दर्शन किया। मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर सैफई पहुंचने के पांच मिनट बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके आवास पहुंच गए। वह शाम करीब सवा पांच बजे सैफई हवाई पट्टी पर हेलीकाप्टर से उतरे। वह मुलायम का पार्थिव शरीर सैफई पहुंचने से पहले ही हवाई पट्टी पहुंच गए थे। यहां वह इंतजार करते रहे। पार्थिव शरीर आने की सूचना के बाद वह मुलायम सिंह के आवास पहुंचे। इस दौरान अखिलेश यादव के साथ सपा से राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर रामगोपाल यादव भी थे। उनकी पार्थिव देह को मंगलवार सुबह तक कोठी में ही रखा जाएगा। इसके बाद उसको सैफई महोत्सव के पंडाल में रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भी मंलगवार को सैफई में आने की संभावना है। इनके साथ ही छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल तथा उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक समेत तमाम गणमान्य नेता सैफई पहुंचेंगे। सैफई में देश भर के बड़े नेता के आने के कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी अवनीश राय तथा एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने व्यवस्थाओं को परखा। यातायात को मंगलवार को डायवर्ट भी किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां चल रही थीं। शाम को कमिश्नर डा. राजशेखर व आइजी जोन प्रशांत कुमार ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मुलायम सिंह यादव को मंगलवार को राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई दी जाएगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा, राजद के तेजस्वी यादव तथा रालोद के जयंत चौधरी भी कल मुलायम सिंह यादव का अंतिम दर्शन करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के जरिए शाम करीब पांच बजे सैफई पहुंचा। उनके शव को सीधे उनके आवास पर ले जाया गया है वहीं पर मीटिंग हाल में लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। वहां पर उनके छोटे भाई अभयराम सिंह यादव व राजपाल सिंह यादव मौजूद थे। उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव साथ में आए। उनके पहुंचते ही भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा आवास पर एकत्रित हो गया। मंगलवार की सुबह उनकी पार्थिव देह को रथ पर सैफई महोत्सव पंडाल ले जाया जाएगा जहां पर लोग उनके अंतिम दर्शन करेंगे। इस अवसर पर देर शाम तक तैयारियां चलती रहीं। अंतिम संस्कार स्थल पर वाटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है। सैफई महोत्सव स्थल पर 158 ऊंचे समाजवादी पार्टी के झंडे को झुका दिया गया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और तीन बार यूपी के पीएम रहे मुलायम सिंह यादव का सोमवार की सुबह 8ः15 बजे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन के बाद सीएम योगी के अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मुलायम सिंह और योगी आदित्यनाथ की मुलाकातों की कुछ तस्वीरें शेयर की गईं। सीएम योगी मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि देने सैफई भी पहुंचे। उन्होंने मुलायम सिंह को जुझारू, संघर्षशील और समाजवादी विचारधारा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। ट्विटर पर शेयर की गईं सीएम योगी और मुलायम की तस्वीरों में पुराने दिनों की कई यादें हैं। इन तस्वीरों में दोनों की एक-दूसरे के प्रति काफी आत्मीयता देखने को मिल रही है। दरअसल, यही भारतीय राजनीति की खूबसूरती भी है कि राजनीतिक रूप से एक-दूसरे के धुर विरोधी नेता भी आपस में व्यक्तिगत तौर पर अच्छे सम्बन्ध रख सकते हैं। एक दूसरे के साथ राजनीतिक दुश्मनी को व्यक्तिगत जीवन में भुलाकर दोस्ताना सम्बन्ध बनाए रख सकते हैं। राजनीतिक विचारधारा के लिहाज से सीएम योगी और मुलायम भी एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे हैं। पांच बार गोरखपुर के सांसद रहे योगी आदित्यनाथ हिन्दुत्व का चेहरा रहे हैं। उधर, यूपी की राजनीति में एमवाई (मुसलमान-यादव) फैक्टर को मुलायम की राजनीति का बड़ा आधार बताया जाता है। डेढ़ दशक पहले ऐसे कई मौके आए जब दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद चरम पर पहुंच गए। यहां तक कि साल-2006 में मुलायम सिंह के सीएम रहते पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ लोकसभा में भावुक हो गए थे। तब योगी आदित्यनाथ ने तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार पर उनके खिलाफ षडयंत्र रचने का आरोप लगाया था। उन्होंने तत्कालीन लोस अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को बताया था कि उन्हें शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस मामले में उन्हें अधिकतम 12 घंटे तक रोका जा सकता था उसमें 11 दिन तक जेल में रखा गया। ये वो दौर था जब सूबे की मुलायम सिंह सरकार के खिलाफ इंसेफेलाइटिस सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद योगी आदित्यनाथ लगातार आंदोलित रहते थे।

### राजनीतिक मतभेद अपनी जगह, व्यक्तिगत सम्बन्ध अपनी जगह

रामजन्मभूमि आंदोलन की अगुवाई करने वाले गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी और बाद में गोरक्षपीठाधीश्वर के तौर पर योगी देश में हिन्दुवादी राजनीति के प्रमुख नेता हैं। वह अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाने और मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोपों के साथ मुलायम सिंह यादव और समाजवादी पार्टी की घेराबंदी आज भी करते हैं लेकिन व्यक्तिगत तौर पर उन्होंने राजनीतिक शिष्टचार का पालन करने में कभी कोई संकोच नहीं किया। मुलायम भी व्यक्तिगत तौर पर योगी आदित्यनाथ से जब भी मिलते तो उनके चेहरे पर एक आत्मीय मुस्कान होती थी। फिर वो चाहे संसद का गलियारा हो जिसकी एक तस्वीर सीएम योगी के ट्विटर पर सोमवार को साझा की गई या फिर 2017 में यूपी की कमान संभालने के बाद मुलायम सिंह का घर जहां सीमए योगी मुलायम सिंह की सेहत का हाल जानने पहुंचे।

### मुस्कुराकर और गर्मजोशी से हुई मुलाकातें

योगी और मुलायम का जब कभी आमना-सामना हुआ, दोनों ने मुस्कुराकर और गर्मजोशी से एक-दूसरे का अभिवादन किया। योगी जब 2017 में यूपी का सीएम बने तब तक मुलायम सिंह की सेहत खराब रहने लगी थी। 2012 से 2017 तक यूपी का सीएम रह चुके मुलायम सिंह के सुपुत्र अखिलेश यादव योगी से राजनीतिक मोर्चे पर लड़ रहे थे लेकिन योगी को जब मौका मिला तो वे बेहिचक मुलायम सिंह के आवास पर उनका हाल जानने पहुंच गए। इस दौरान मुलायम और योगी की मुस्कुराती तस्वीरें दुनिया ने देखीं। दो अक्टूबर को यूरिन में संक्रमण, ब्लड प्रेशर में दिक्कत और सांसद लेने में तकलीफ के चलते मुलायम सिंह को मेदांता में भर्ती कराना पड़ा और वहां से लगातार उनकी हालत नाजुक होने की खबर आने लगी तो भी सीएम योगी ने अखिलेश और डॉक्टरों को फोन कर नेताजी का हाल-चाल जानने में देर नहीं लगाई। यही नहीं सीएम योगी ने अपनी और यूपी सरकार की ओर से इलाज में हर सम्भव मदद की पेशकश भी की।

### तीन दिन के राजकीय शोक का किया ऐलान

सोमवार को मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सीएम योगी ने यूपी में तीन दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। नेताजी के साथ उनकी तस्वीरों को ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए शोक संदेश में कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मुलायम सिंह यादव जी ने तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश को अपना नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने देश की संसद में 07 बार प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। देश के रक्षा मंत्री के रूप में भी उनकी सेवाएं उल्लेखनीय रहीं। सीएम योगी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव जी जुझारू; संघर्षशील और समाजवादी विचारधारा से जुड़े एक महत्वपूर्ण स्तंभ थे। वे संघर्षों से तपे-बढ़े और प्रदेश की राजनीति के पांच दशक तक केंद्र बिंदु रहे। उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। सीएम योगी ने कहा कि मैं स्वयं मुलायम सिंह यादव जी के पैतृक निवास स्थान सैफई जाकर उन्हें उत्तर प्रदेश शासन और प्रदेश की जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। वे हमारी स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेंगे।

# घर के बरामदे में सो रही बुजुर्ग महिला का कुत्ते ने किया हमला नाक काटकर किया अलग

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-खैर कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवाला खुर्द में रविवार की शाम को घर के बरामदे में सो रही एक बुजुर्ग महिला पर आवारा कुत्ते ने हमला कर उसका नाक काट कर अलग कर दिया। घटना देख स्वजन व ग्रामीण दौड़े तो कुत्ते उन लोगों पर भी हमला बोलकर घायल कर दिया। लहूलुहान



हालत में महिला को सीएचसी खैर लाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित?सालय रेफर कर दिया गया। महिला को देर रात मेडिकल में भर्ती कराया गया मामला शिवाला खुर्द गांव का सामने आया है जहां आवारा कुत्ते ने एक महिला पर हमला करके बुरी तरह घायल कर दिया । लहूलुहान हालत में महिला को सीएचसी खैर ले जाया गया जहां से 80 वर्षीय अंगूरी देवी पत्नी रामवीर सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर देर रात मेडिकल में भर्ती कराया गया है। घर के बरामदे में सो रही थी महिला आवारा कुत्ते को पकड़कर ले जाने और इस समस्या का कोई समाधान करने के लिए संबंधित विभाग से कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की है। महिला के पुत्र देवेन्द्र सिंह चौहान निवासी शिवाला ने बताया कि रविवार की शाम उनकी मां अंगूरी देवी घर के बरामदे में सो रही थी तभी आवारा कुत्ते ने हमला कर नाक काट लिया। महिला का गंभीर हालत में मेडिकल में उपचार चल रहा है। महिला के चार बेटे व दो बेटियां हैं। पति की बीमारी के चलते पहले ही मौत हो चुकी है।

# धूमधाम से मनाई गई बाल्मीकि जयंती



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- नगर खुटार में मोहल्ला नौगंवा कोट में बाल्मीकि समाज व नगरवासियों ने धूमधाम से बाल्मीकि जयंती मनाई, नगर में शोभायात्रा निकाली गई, आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किये और शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभा यात्रा में बाल्मीकि समाज व नगर के सैकड़ों लोग तमाम शामिल हुए शोभा यात्रा को नगर के मुख्य चौराहे होते हुए तिकुनिया बाईपास पर समापन किया गया शोभायात्रा में डीजे पर भजन बजाते हुए शोभायात्रा निकाली गई, इस मौके भाजपा नेता विजयशंकर अवस्थी,ठाकुर राहुल सिंह, हरिओम ,रोहित कुमार,राधेश्याम, सूरज बाल्मीकि, रवीश बाल्मीकि, पप्पू वाल्मीकि, सर्वेश वाल्मीकि ,अमित वाल्मीक ,पातीराम ,पप्पू ,राहुल वाल्मीकि ,कुलदीप बाल्मीकि, राजा,सुनील कुमार, धनीराम,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने किया जनता की समस्या निस्तारण



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आज लगभग दो दिनों से खराब पड़ी बिजली समस्या को लेकर मोहल्ला कोट नई बस्ती के लोग नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर चेयरमैन अनुपम शुक्ला से मिले और अपनी समस्या को बताया चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर बिजली समस्या को सही करवाया, इस दौरान सुरेश कुमार महेश राजीव कुमार अवनीश राठौर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# शेखा झील के पास हुई लूट के बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी,हापुड़ के सर्राफ से लूट करने वालों पर 50 हजार का इनाम

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अकराबाद क्षेत्र में शुक्रवार शाम हापुड़ के सर्राफ से हुई लूट में पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज लगे हैं इनसे साफ हुआ है कि लूट 4 बदमाशों ने की थी दो बाइकों पर वह आए थे मुख्य सुराग यह भी मिला है कि बदमाश का कासगंज से ही पीछे लगे थे एसपी देहात के नेतृत्व में तीनों टीमों को एसएससी ने घटना के खुलासे के



लिए लगाया है एक टीम ने सीसीटीवी खंगाले हैं दूसरी टीम अकराबाद से लेकर कासगंज तक के पेशेवर अपराधियों का रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है इसी क्रम में यह सफलता मिली है कासगंज में मिले एक सीसीटीवी फुटेज से यह साफ हुआ है कि बदमाश कासगंज से ही पीछे लगे थे उनके पास एक बाइक काले रंग की और दूसरी बाइक लाल रंग की थी सीओ बरला अभय कुमार पांडे ने बताया कि घटना के संबंध में कई टीमें खुलासे में लगी है जल्द ही बदमाशों को तलाश लिया जाएगा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है लुटेरों के सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए आमजन से पहचान कर सूचना देने की अपील की है सही सूचना देकर धरपकड़ कराने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम एसएसपी द्वारा दिया जाएगा साथ ही नाम और पता भी गोपनीय रखा जाएगा

## यह हुई थी वारदात

हापुड़ जिले के रेलवे रोड श्रीनगर गीता मार्ग निवासी पुनीत जिंदल पुत्र विनोद विनोद जिंदल की वहां जिंदल ज्वेलर्स के नाम से फर्म है शुक्रवार को वह साथी हापुड़ निवासी राजू सिंघल के साथ अपनी ओरा गाड़ी संख्या ह्वश्च37 पी 3694 से कासगंज गए थे कार को चालक आकाश पुत्र हेमराज निवासी आवास विकास, 114 जोड़ी बंधेल चूड़ी के सेट बिक्री के लिए रखे थे जिनमें से 3 जोड़ी कासगंज बेचकर शेष माल को वापस हापुड़ लेकर जा रहे थे करीब 5¬30 बजे कासगंज रोड शेखा झील के पास दो बाइक सवार चार युवकों ने गाड़ी रुकवा लिया धमकाने के बाद डिग्गी में रखें 111 सेट बंधेल चूड़ियों के, जो दो बैग में रखे थे उनको व 6 हजार नगदी लूटकर कासगंज की ओर भाग गए

## दोस्त व कार चालक पर भी पुलिस की नजर

पुलिस इस घटना के पीछे व्यापारिक रंजिश के तार भी खंगाल रही है पुलिस की कगार पर पुनीत के साथ उस वक्त कार में सवार उसका दोस्त और कार चालक भी हैं उनके विषय में भी रिकॉर्ड निकाला जा रहा है व्यापारिक रंजिश को पैसों के लेनदेन के नजरिए से भी देखा जा रहा है पुलिस मान रही है कि किसी नजदीकी की प्लानिंग पर यह लूट हुई है

## बराबर हो रही बारिश से गरीब का मकान ढहा



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- लगातार हो रही भारी बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जर्जर मकान गिर रहे हैं प्रशासन ने जिले में यलो अलर्ट घोषित कर दिया है ब्लाक खुटार क्षेत्र के गांव रौतापुर कलां निवासी रामसिंह पाल अपने परिवार के साथ हो रही बारिश के कारण घर पर ही थे तभी अचानक उनका कच्चा छप्परदार मकान भरा भराकर ढह गया जिससे बह और उनके बच्चे बाल बाल बच गए पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।


## दुकान से सामान व नकदी ले गए चोर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- कस्बा के करहला रोड पर कस्बा निवासी शाहरुख खान साबिर प्रोविजन स्टोर के नाम दुकान चलाता है शाहरुख खा की देर शाम रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था सुबह जब वह दुकान खोलने आया तो यह देख उसके होश उड़ गए,दुकान में कुमल लगा हुआ था जब उसने दुकान के अंदर देखा तो चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे 1,86,000 रुपए नगद, रिफाइंड, शैंपू, बिस्किट, नमकीन सहित अन्य सामान पार कर दिया इस मामले में शाहरुख ने घटना की जानकारी पुलिस को दी चोरी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित दुकानदार से घटना की जानकारी ली पीड़ित दुकानदार ने बताया है कि चोर दुकान से करीब ढाई लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## खेत में भरे पानी को निकालने पर दवंगो ने दो सगे भाईयों को जमकर पीटा



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद- गांव जल्लूपुर सेहौर निवासी दो सगे भाईयों को गांव के ही दवंग लोगों ने जमकर पीटा। जिससे दोनों के गंभीर चोटें आई हैं। गांव जल्लूपुर निवासी योगेंद्र व मनीष शर्मा पुत्रगण नेत्रपाल शर्मा ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उनके धान के खेत में बरसात का पानी भर गया था जिससे फसल डूबी हुई थी। दोनों भाई मिलकर खेत के पास से गुजर रही सरकारी नाली का मुंह खोलकर उसमें पानी निकाल रहे थे तभी गांव के ही चार दबंग लोग आए और पानी निकालने का विरोध करने लगे जब उसने कहा भाई इसमें आपका क्या नुकसान है तो चारों ने गाली गलौज करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट कर दी आरोप है इस दौरान आरोपितों ने उनकी जेब में रखे पांच हजार रुपये एवं मोबाइल छीन लिया। पीड़ित योगेंद्र व मनीष शर्मा ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# जनपद में विगत तीन दिवस से निरन्तर वर्षा के दृष्टिगत फसलों को हुए नुकसान का ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जायजा लिया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जनपद मुरादाबाद में विगत तीन दिवस से हो रही निरन्तर वर्षा के कारण जनजीवन एवं फसलों के प्रभावित होने की सूचना पर आज जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह , अपर जिलाधिकारी वित्त श्री युगराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, तहसीलदार सदर एवं श्री परमानन्द सिंह प्रबन्धक इफको टोकियो जनरल इश्योरेंस कंपनी के साथ ग्राम दलपतपुर, नरखेडा, वीरपुर धान, गोविन्दपुर, बूजपुरआशा, बूजपुरमान, करनपुर, सरकडा खास, डूंगरपुर, सेहल, खानपुर कस्बा तथा दादूपुर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा भारी वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जायजा लिया गया तथा ग्रामीणों से भी वार्ता की गयी। भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि वासबती एवं सरबती धान की फसल खेतों में गिर गई है।

कृषकों से जिलाधिकारी द्वारा वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि जो फसलें नीचे गिर गई हैं, उसमें काफी नुकसान हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा इस मौके पर कृषकों को बताया गया कि जैसे ही वर्षा बंद हो जाएगी तो राजस्व टीम के माध्यम से फसलों को हुई क्षति का आंकलन कराकर कृषि निवेश अनुदान प्रभावित कृषकों को दिये जाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन ने भारी बरसात के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है तथा किसी भी क्षेत्र में किसी भी तरह की कोई समस्या एवं परेशानी नही होने दी जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व कानूनगो एवं लेखपाल आदि उपस्थित रहें।

## महानगर में दीपावली पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु अस्थायी दुकानों के स्थान निर्धारित-नगर मजिस्टेªट ज्योति सिंह

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-नगर मजिस्टेªट/प्रभारी अधिकारी शस्त्र ज्योति सिंह ने बताया है कि महानगर मुरादाबाद में दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु अस्थायी दुकानें कुल 8 स्थानों यथा ( पारकर इंटर कालेज का मैदान, थाना कोतवाली मुरादाबाद, राजकीय पॉलीटेक्निक कम्पाउंड कांठ रोड थाना सिविल लाइन मुरादाबाद, हरथला रेलवे कालोनी में फुटबाल ग्राउंड थाना सिविल लाइन मुरादाबाद, मण्डी समिति आरएफसी गोदान के सामने रिक्त मैदान थाना मझोला, बुद्धिविहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान उत्तरी थाना मझोला, बुद्धिविहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान दक्षिणी थाना मझोला, खुशहालपुर ब्रेड फैक्ट्री के पास रिक्त मैदान थाना मझोला एवं ट्रान्सपोर्टनगर ग्राउंड निकट आरटीओ आफिस थाना मझोला ) पर 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2022 तक के लिए प्रतिदिन अस्थायी रुप से लगाये जाने हेतु ठेके की नीलामी की कार्यवाही कलेक्टेªट परिसर स्थित सभाकक्ष के सामने ग्राउंड में 15 अक्टूबर 2022 को अपरान्ह् 12:00 बजे की जाएगी। समयावधि में कलेक्टेªट स्थित आयुध कार्यालय में देखी जा सकती है।

# मुलायम सिंह यादव एक नेता नहीं विचार धारा थे



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आज धरती पुत्र सपा संस्थापक एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी समाजवाद को ज़मीन पर साकार कर चले गए!! आज मुरादाबाद के समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता राजकुमार यादव के निवास स्थान बुद्धी विहार मे एक शौक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुलायम सिंह यादव के निधन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि मुलायम सिंह यादव जी एक नेता नहीं बल्कि विचारधारा थे!! समाजवाद का चमकता सूरज आज अस्त हो गया उनका संघर्ष, जीवंत पुस्तक है। उनकी उपलब्धियां कालजयी है वह गरीबों_लितोंद्वपिछड़ो-द्वशोषितों के हक़ के पहरेदार थे वह मन से मुलायम, इरादे लोहा रखते थे उनका निधन भारतीय राजनीति के एक युग का अंत है नेता जी, आप बहुत याद आएंगे अंत मे दो मिनट का मोन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की वह अपने श्री चरणों में जगह दे राजकुमार यादव वरिष्ठ समाजवादी नेता धर्मेंद्र यादव पूर्व महासचिव लुकमान खान संजीव प्रभाकर रामबीर यादव मुनाजिर सैफ़ी दोलत राम कश्यप मोहम्मद आसिफ़ सुरेश चंद्र गोस्वामी थे।

# प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले का सफल आयोजन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-प्रधानाचार्य आई0 टी0 आई0 ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड मुरादाबाद के परिसर में आज जनपद में भारी बर्षा के होने के बाद भी प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिस मेले (PMNAM) का सफल आयोजन किया गया। अप्रेन्टिस मेले में 05 अधिष्ठानों ने प्रतिभाग किया। इन अधिष्ठानो मे अप्रेन्टिस हेतु कुल 12 पद रिक्त थे।

अप्रेन्टिस मेले में 25 अभ्याथियो ने प्रतिभाग किया। मेले में 06 अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिस प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया। चयनित अप्रेन्टिस अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिस अनुबन्ध निर्गत किये जाने हेतु अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया गया।

# भारी बारिश व तेज हवाओं के चलते अकराबाद में किसानों की धान की फसल बरबाद कई मकान गिरे



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-अलीगढ़-अकराबाद- क्षेत्र में चार दिनों से लगातार हो रही बारिश और हवाओं के कारण किसानों की हजारों बीघा धान की फसल चौपट हो गई है।इससे किसानों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। पहले डीजल फूंककर सिंचाई करने वाले किसान अब फसल बरबाद होने से कराह उठे हैं। जिरौली हीरा सिंह निवासी किसान योगेन्द्रपाल की करीब सोलह बीघा बाजरा की लोकेंद्र पिता का नाम शिव सिंह, नगला पतेल 20 बीघा धान की फसल बरसात के कारण नष्ट हो गई है। वहीं किसान अशोक,विपिन कुमार, अनिल कुमार, यशपाल सिंह, जुगेंद्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, चन्द्रभान सिंह और बलवीर सिंह आदि किसानों की हजारों बीघा धान की फसल पानी में गिरकर डूब गई है। ऐसा ही हाल ब्लाक क्षेत्र के दभा,दभी, दरियापुर,गोपी, मानई,हीरापुर,रायपुर,टुआमई,पिलखना, कुआं गांव,झुझारपुर,करहला,मानई ,नानऊ,धौरी और कीरतपुर आदि गांवों में देखने को मिल रहा है, जहां हो रही लगातार बारिश से फसल में भारी क्षति हुई है। वहीं गांव दरिया पुर में किशन प्यारी पत्नी टीकमसिंह, नगला रंजीत में भगवान सिंह का मकान गिर गया गांव कठेरा मे बीती रात बारिश के दौरान मकान भरभराकर गिर गया जिसमें सुरेश व उसके बेटे अजय के मामूली चोटें आई हैं। जिससे भरी बरसात में उन्हें छत तलाशना मुश्किल हो रहा है। कस्बा कौड़िया गंज में तेज बारिश के कारण प्राचीन मंदिर माता चामुण्डा की दीवार दह गयी जिससे मंदिर में लाखों का नुकसान हो गया जिससे मंदिर के व्यवस्थापक हरीश सिंघल ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मंदिर की दीवार मरम्मत की गुहार लगाई

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Drug in dispute

It is sad and worrying to see some Indian pharmaceutical companies being targeted internationally. All its aspects need to be looked into, so that proper improvement can be possible. The government has ordered an inquiry, which is welcome. The World Health Organization has reportedly blamed Indian cough syrup as a cause of 60 child deaths in The Gambia. Due to this well-known Indian company's target of the drug, supplies to Africa, Asia, Eastern Europe and Middle East countries and Russia etc. may be affected. Maiden Pharma is not a new company, it has been active in the pharmaceutical industry for more than thirty years. The name of this company is taken in the research and development of the drug, so the controversy of its drug is important for the entire Indian pharmaceutical industry. Is the disputed cup syrup supplied only in The Gambia and no complaints from any other country? It is possible that a poor quality drug may have arrived in The Gambia with a particular consignment. So, a detailed investigation may reveal something. The quality of every medicine should be ensured, so that no one doubts the rest of the medicines. The pharmaceutical company which has come under target should also make efforts to prove its quality on a war footing. The company manufactures a wide range of drugs, from life saving drugs to anti-allergic and antibiotics. The question is not only about the honor of the company, but also of the honor of the country. It will be noted that at the time of Corona, when the world was looking towards India with anticipation, when the US President was almost warning and asking for medicine from India, then India had achieved a special position. Along with handling its huge population, supplying medicines and vaccines to many countries of the world was not an easy task. If any third party is active in this area to defame Indian medicines, then it should also be investigated on a war footing. Those who wish to defame India are no less. Well, the good thing is that there has been a stir in the pharmaceutical industry and the government after the complaint from abroad. Investigations have been ordered and it is reported that 384 people were arrested during 2019-21 after 462 samples of drugs were declared as adulterated or counterfeit. A total of 81,329 drug samples were tested in 2019-20, out of which 2,497 samples were declared to be of below standard quality and 199 samples were of spurious nature. After preliminary investigation, it is particularly surprising that the drug sent to The Gambia is not sold in India. Is the medicine being shipped to Gambia not approved in India? Have pharmaceutical companies intensified the supply of low quality drugs in countries like The Gambia? If there is no daub in the investigation, then only then the pharmaceutical sector will get permanent benefits. All such companies should take care of the reputation of India and Indian industries. It takes years to build respect in a field, but it doesn't take long to lose respect. A big pharmaceutical exporter like India should test the quality of all its medicines once again.

# 'Then say Hindus are trolling', Vivek Agnihotri's 'feelings hurt' by Aamir Khan's new ad

The director of 'The Kashmir Files' Vivek Agnihotri is in the news with his tweet. Vivek Agnihotri has often been seen targeting Khan actors. This time he criticized Aamir Khan's new ad and said that the brand is showing stupid things in the name of social activism. Regarding this advertisement of Aamir Khan, users on social media are accusing it of hurting the sentiments of Hindus. 'Jab Bidaai Mein Dulhan Roi Nahi' - Aamir Khan and Kiara Advani appear together in an ad for AU Bank. Both have become newly wed couple and are going to the wedding car. Aamir says, 'It is the first time when the bride did not cry in Bidaai'. In the advertisement, unlike the usual practice, the groom goes to the bride's house to take care of her ailing father. Just as the bride takes the first step in the house, in the advertisement, Aamir Khan enters the house first and is welcomed. In the end, Aamir says, 'The practice that has been going on for centuries continues, why this, only then we ask questions from every practice of banking. So that you get the best service. Vivek Agnihotri targeted the bank - Sharing the video, Vivek Agnihotri said, 'I do not understand how long banks have become responsible for changing social and religious traditions. I think AU Bank India should show proactiveness by changing the corrupt banking system. They do such nonsense and then say that Hindus are trolling. Stupid.' Bought a luxurious house in Mumbai - Let us tell you that Vivek Agnihotri has recently bought a luxurious house of 17 crores in Mumbai. His film 'The Kashmir Files' is one of the biggest hits of this year. The film has collected 340 crores.



# Wearing a nude color outfit, Urfi Javed posed, said- 'Meri toh waat lagi padi hai'

Internet sensation aka Javed never misses to surprise. His style brings him into the limelight every time. Urfi doesn't have a dress that she repeats. She keeps experimenting on her clothes and poses in front of the paparazzi in new looks. On Monday, once again Urfi surprised with her outfit. This time she was in a transparent dress of nude color. Urfi told that he is very upset these days and he is not able to tell whom to whom. Why is Urfi upset- Urfi wore a nude colored bralette and transparent skirt. With this, she carried matching earrings. With dark colored lipstick, she made a hair pony and carried heels. Urfi says to the paparazzi, 'Hey I do not know what is going on... Tell whom to tell.' Users trolled - There was no shortage of people trolling Urfi on the video. One user said, 'Thank God she did not go to the airport wearing this.' One said, 'Wear the right clothes, there should be a little something in life'. There will be many ups and downs in career - Urfi started his career with a TV show in the year 2016. It took him 6 years to make an identity. During this he had to face many difficulties. Talking to our colleague Hindustan Times, Urfi says, 'It was a tough journey, very difficult. I know how many problems I have faced in Mumbai, how I have survived, but success is not enjoyed without obstacles. My life was a typical struggler. People try to take a lot of advantage.



## नगला माली में नई आबादी में बनाई गई सड़क जमीन में धंस गई उस सड़क का पूरी तरह से नगर निगम का ठेकेदार जिम्मेदार- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगला श्याम बिहारी की नई आबादी हरी सिंह वाली गली का दौरा किया इस घोर बारिश में कुछ दिन पहले बनवाई गई सड़क जमीन में धंस गई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है आबादी का दौरा किया है उस समय क्षेत्र के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे पूरी गली का निरीक्षण किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम द्वारा बनाई गई सड़क मानक के अनुसार सामग्री ने लगाए जाने पर सड़क धराशाई हो गई है वहां के नागरिकों ने साफ शब्दों में कहा है कि ठेकेदार की कमी के कारण इस सड़क का निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं किया गया ठेकेदार से पूरी कहासुनी हुई थी उसके बावजूद भी ठेकेदार ने सड़क को सही नहीं बनवाया गया ठेकेदार ने जमकर इसे सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया है ऐसी जानकारी यहां की जनता ने दी है इस संबंध में नगर आयुक्त एवं डीएम से शिकायत की जाएगी इस सड़क की जांच कराई जाएगी संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ चेतावनी दी है नगर निगम के अधिकारी रास्ता को आ करके देख लें अन्यथा इसकी पूरी शिकायत शासन से की जाएगी यह रास्ता कई जगह से बुरी तरह से बैठी है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## 40000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता श्रीमती मीनू पत्नी श्री संजीव कुमार सेंगर नि0 अरूणा नगर एटा थाना कोतवाली नगर जनपद एटा ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के खाते से किसी अज्ञात ने 40000 रूपये का फ्राड कर लिया के आरोप अंकित किये गये। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट-वे को ई-मेल करते हुये शिकायतकर्ता की 40000 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।*साइबर क्राइम सैल टीम जनपद एटा। 1. उ0नि0 श्री अभिषेक कुमार 2. आरक्षी अजयपाल सिंह आरक्षी अर्जुन सिंह साइबर सैल एटा द्वारा साइबर ठगी से बचने हेतु आमजन को संदेश- 01- किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर उस कम्पनी के आधिकारिक वेवसाइट से ही प्राप्त करें क्योकि आजकल साइबर ठगों द्वारा अपने नम्बरों को विभिन्न आनलाइन कम्पनियों के कस्टमर केयर के नाम से गूगल पर अपडेट किया गया है।02- कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपसे एटीएम खाते क्रेडिट कार्ड अन्य से सम्बन्धित जानकारी नहीं मांगता इसलिए कभी भी फोन काल पर अपने बैंक से सम्बन्धित जानकारी शेयर ना करें। 03- किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते/देते समय यह अवश्य चेक करें कि क्यूआर कोड पेमेंट रिसीव करने वाला है।05- किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये । 06- खाते में चड्डष्ट अपडेट कराने के लिये बैकों द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी/OTP/CVV/ पिन नम्बर नही मांगे जाते है। 07- ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग/ कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करे

## गरीब मजदूर किसानों के मसीहा धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के निधन से शोक की लहर किसानों ने कलेक्ट्रेट पर श्रद्धांजलि अर्पित की

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नेता जी द्वारा गरीब मजदूर किसान सहित रक्षा मंत्री रहते हुए सेना के जवानों के सम्मान मैं किए गए कार्य पीढ़ी दर पीढ़ी याद किए जाएंगे आपको अवगत कराना है कि आज दिनांक 10 अक्टूबर 2022 को अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर अतिवृष्टि से बर्बाद किसान, सरकार के ट्रैक्टर ट्रॉली बंद सहित तार बाउंड्री से खेतों की रक्षा की जा रही है जिस पर सरकार ने रोक लगा दी है आदि किसान मजदूरों के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन होना प्रस्तावित था संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी को अचानक सूचना मिली कि गरीब मजदूर किसानों के मसीहा धरतीपुत्र आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी का गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया है जिससे संपूर्ण उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे भारतवर्ष में शौक कि लहर दौड़ गई है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी के द्वारा संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को पुन: संदेश भेजा गया कि प्रदर्शन को स्थगित करते हुई प्रत्येक जिले में शोक सभाएं आयोजित कर स्वर्गीय माननीय नेता जी मुलायम सिंह यादव जी के द्वारा गांव गरीब मजदूर किसान के हित में तमाम जो योजनाएं लाई गई किसानों पर चुंगी वसूली के नाम पर किया जाता रहा उत्पीड़न हो, नहर - राजबाहो - माईनरो सहित सरकारी नलकूप आदि से किसानों को फ्री सिंचाई दिलाने, प्रथम बार मुख्यमंत्री बनते ही वर्षो से कर्ज में डूबे किसानों का कर्जा माफी का सवाल रहा हो, किसानों की जमीनों पर लगान मुक्त कराने, एक लाख तक के लोन पर जमीन को बंधक मुक्त रखने, किसानों की जमीन की नीलामी को रोकने सहित किसान दुर्घटना बीमा योजना सहित किसान मजदूर के कल्याण हेतु तमाम प्रकार की योजनाएं सरकार में रहते हुए लागू की गई जिन्हें किसान मजदूर बिरादरी के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी भुला नहीं सकते हैं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के बाद किसान मजदूर अगर किसी के दिल और दिमाग में बसता था तो वह केवल किसान मसीहा धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव जी थे जो जीवन पर्यंत गांव गरीब किसान मजदूर की आवाज को सदन में उठाने का काम करते रहे निश्चित रूप से आज गांव गरीब की आवाज उठाने वाले एक युग का अंत हो गया है अब तक माननीय नेता जी शासन स्तर पर चाहे वह भारत सरकार का मसला हो चाहे प्रदेश सरकार का हो सदन में गरीब मजदूर कि आवाज उठाते रहे हैं वर्तमान समय में दूसरा कोई ऐसा राजनेता नजर नहीं आता जो गांव गरीब के लिए काम करने को तैयार हो निश्चित रूप से यह किसान, मजदूर, नौजवान बिरादरी के लिए अपने आप में बहुत बड़ी क्षति है भारत देश के रक्षा मंत्री रहते हुए सेना में किए गए सुधार में शहीद जवानों को सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को उनकी जन्म भूमि तक ले जाने सहित आदि कार्य किए गए हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता है उक्त शौक सभा के अंत में मोन धारण कर उपस्थित किसान, नौजवान, महिलाओ ने आज इस दुख की घड़ी में मिलकर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि ऐसे नेक और एक इंसान को प्रभू अपने श्री चरणों में स्थान दें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से =- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा, राष्ट्रीय संयोजक संजीव प्रधान, सुनील यादव सभासद, प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव, प्रदेश महासचिव अरविंद शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शीतलपुर, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप अहीर, युवा प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार एडवोकेट, प्रदेश सचिव बबलू नागर, मंडल उपाध्यक्ष डॉ0 राजपाल वर्मा, जिला अध्यक्ष पिंकी भैया, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 सुनील यादव - सुखबीर सिंह, जिला संरक्षक यदुवीर सिंह, विकास खेड़ा, प्रिंस यादव, देवव्रत नेताजी, जाहिद अब्बास, शिव शंकर फौजी, शकुंतला देवी, भगवान देवी सहित आदि लोग उपस्थित थे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## बाल अपचारी को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा - थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली सफलता, कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना में वांछित चल रहे एक बाल अपचारी को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 बाल अपचारी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 29/30-9-22 को अरूण ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी की घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 746/22 धारा 457,380 भादवि0 में वांछित चल रहे एक बाल अपचारी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# सूरजपुर पुलिस वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंच उन्हें कर रहा सम्मानित



रामचद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर जिले की पुलिस के द्वारा समर्पण अभियान से जुड़े वरिष्ठ नागरिकों के घर उनके बीच पहुंचकर उन्हें साल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, पुलिस की इस पहल तथा पुलिस अधिकारियों को अपने बीच पाकर सीनियर सिटिजन प्रसन्नचित दिखे और अपने दैनिक दिनचर्या तथा कुशलक्षेम से पुलिस को अवगत कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस के अधिकारी वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर बड़े आत्मीयता के साथ उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम की जानकारी लेते हुए साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया और उन्हें पुलिस मुख्यालय में संचालित सीनियर सिटीजन सेल के हेल्पलाईन नंबर 94791-91536, टोलफी नंबर 1800-180-1253 तथा हेल्प लाईन नंबर 0771-2511253 से अवगत कराया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराए पुलिस सदैव आपकी सेवा एवं सहयोग के लिए तत्पर है। पुलिस के इस कार्य से वरिष्ठ नागरिक काफी खुश नजर आए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में समर्पण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा गया है ताकि वे पुलिस के सीधे सम्पर्क में आ सके और उनकी समस्या, शिकायत का त्वरित निराकरण के साथ देखभाल की जा सके। इस अभियान में पुलिस के अधिकारी प्रत्येक सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर उनके कुशलक्षेम से भी अवगत हो रहे है।

# बहोत शान से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- गौरेला में बहोत धूम धाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार। आज के दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब इस दुनिया मे आए( जन्म हुवा ) इसलिए आज के दिन को बहोत धूमधाम से मनाया जाता है। टीकर शरीफ में जुलूस निकाला गया, यह जुलूस मासुमगली, मंगली बाजार, पहोंची जहा पर गोरखपुर और पुराने गौरेला मदीना मस्जिद के जुलूस के साथ पूरे शहर घूमा गया, लोगो ने फल, शर्बत, केक बाटे जुलूस का समापन संजय चौक में हुवा और सलातो सलाम के साथ दुवाएं मांगी गई।

## छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल् राजीव युवा मितान ग्राम स्तरीय खेल मरवाही थाना मे जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच सम्पन्न हुआ

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों में ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब के सौजन्य से आज 6 अक्टूबर से ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का शुरूआत हो गया है। आज् ग्राम पंचायत मरवाही में थाना मरवाही में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल् में बच्चों से लेकर बड़ों में उत्साह देखा गया। ग्राम पंचायत स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में ग्रामीण प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ पारम्परिक खेल गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी, बांटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेंड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ और लम्बी कूद में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। ओलंपिक विभिन्न स्तर पर आयोजित तथा इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक नगरीय निकायों और पंचायतों में गठित राजीव युवा मितान को दिया गया हैमरवाही थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल सहायक खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप पटेल का आज के कार्यक्रम को सफल उत्साह विशेष योगदान रहा ,युवा जिला पंचायत सदस्य सुभम पेंद्रो ने भी खिलाड़ियों का भरपुर सहयोग किये और उनका मार्गदर्शन भी किये ,खेलकूद कार्यक्रम को सफल करने में प्रदेश सचिव राजेश सुमन नवीन वकील महेंद्र शुक्ला नवीन मिश्रा अमितेश पात्रे रमेश सिंह इंद्रभान सिंह कमलेश जगत लोग का योगदान विशेष रहा

## सूरजपुर पुलिस विभाग का लचर व्यवस्था के कारण गरीब किसान परेशान, अपने ही जमीन के लिए लगाना पड़ रहा है सरकारी दफ्तर का चक्कर




रामचद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिला अंतर्गत शासन-प्रशासन प्रणाली की गंभीर लचर व्यवस्था देखने को मिल रही है। यहां नियम कानून को ताक पर रखकर चल रहे हैं। यहां आए दिन सोर्स पानी अर्थात पहुंच के बल से अपराधियों का हौसला दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ रही है। जिसका जीता जागता प्रमाण जिले के चांदनी बिहारपुर थाने व तहसील का मामला है। जहां विगत महीनों से महिला को थाने और तहसील के बीच चक्कर काटने का नाच नचाया जा रहा है। जहां महिलाओं के उत्थान के उपलक्ष में 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन की मानसा महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है जबकि वही पार्वती साहू नाम की महिला को अपनी फरियाद लेकर दर दर चक्कर काटने को विवश है। उस महिला का फरियाद यह है कि उसके जमीन पर गुलाब साहू पिता रामदयाल साहू नामक व्यक्ति ने आवेदिका के जुदाई बुनाई किए गए जमीन पर पुन: जुताई बोवाई कर दिया गया। अब फसल जैसे-जैसे उत्पादन हो रहा है उक्त व्यक्ति के द्वारा काट कर ले जाया गया। जिसकी लिखित शिकायत समय-समय पर आवेदिका ने थाने व तहसील में दी है, किंतु आज पर्यंत तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे यह प्रतीत होता है कि चांदनी बिहारपुर में तहसीलदार व थाना प्रभारी के मिलीभगत से अपराधियों का बचाव करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि आवेदिका ने एसडीओपी से अपनी समस्या प्रत्यक्ष रूप से रखी गई है। एसडीओपी के द्वारा 7 दिवस के अंदर मामले का निराकरण करने का आश्वासन भी दिया गया है।

# बैंक कर्मचारी और कियोस्क संचालक पुलिस की गिरफ्त में



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जीपीएम- थाना गौरेला में ग्राम पड़खुरी निवासी शिव महेश प्रजापति थाना गौरेला में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका बैंक अकाउंट गौरेला स्टेट बैंक पेंड्रारोड में है वह हमेशा की तरह स्टेट बैंक गौरेला पैसा निकालने जाता था और हमेशा की तरह स्टेट बैंक में सहायक के रूप में काम करने वाले अखिलेश बसंत के पास अपना चेक बुक छोड़ देता था दिनांक 8 अगस्त 2022 को पुन: जब पैसा निकालने गया तब भी चेक बुक को अखिलेश बसंत के पास छोड़ा था पुन: एक महीने बाद पैसा निकालने स्टेट बैंक गौरेला गया तो उसे पता चला कि उसके खाते से ?640000 आहरित कर लिया गया है । तब प्रार्थी को शक हुआ कि चेक बुक केवल अखिलेश बसंत के पास छोड़ा था और किसी के पास नहीं रखा था जिसके बाद प्रार्थी अखिलेश से संपर्क किया तो अखिलेश साफ इनकार कर दिया प्रार्थी के पास कोई विकल्प नहीं बचने से थाना गौरेला में रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिसपर थाना गौरेला में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। द्वारा जांच तफ्तीश की गई और शक के आधार पर शिवकुमार निवासी गोरखपुर से पूछताछ किए जिसमें शिव कुमार द्वारा बताया गया कि अखिलेश बसंत के कहने पर तथा उसी के द्वारा चेक बुक देने पर मेरे द्वारा चेक में ?640000 की रकम लिखकर अखिलेश को दिया जिसे अखिलेश बसंत के द्वारा विड्रॉल किया गया और उसमें से ?20000 शिव को प्राप्त हुआ और बाकी ?620000 अखिलेश अपने पास रख लिया जिस पर शिवकुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मुख्य आरोपी अखिलेश बसंत निवासी सेमरा फरार था जिसे तकनीकी आधार पर साइबर सेल एवं गौरेला पुलिस की टीम के द्वारा पकड़ा गया पूछताछ करने पर अखिलेश द्वारा जुर्म स्वीकार किया और उधारी पटाने के लिए इस प्रकार का धोखाधड़ी करना बताया। आरोपी अखिलेश बसंत को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में- आरोपी जलेश बसंत पिता लखन बसंत उम्र 35 साल साकिन सेमरा थाना गौरेला, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, छ0ग0 से घटना में धोखाधड़ी की राशि 500/- रूपये एंव प्रयुक्त 01 नग लैपटॉप,बायोमैट्रीक एंव रजिस्टर एवं 500 रुपये को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया हैं और आरोपी को दिनांक 09.010.2022 के 20.30 बजे गिरफतार किया गया युवराज तिवारी थाना प्रभारी गौरेला, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, सहायक उप निरीक्षक राम निवास राठौर, आरक्षक सन्नी कोशले, आरक्षक कौशलेंद्र बघेल एवं साइबर सेल से आरक्षक राजेश शर्मा, रामलाल खुराना, रवि त्रिपाठी, चौपाल की भूमिका रही।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर राहत एवं बचाव कार्य का लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने प्रात:काल से ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण कर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत तिलकपुर, भाखला पुल के पास रेहरा गांव, भिनगा-बहराइच मार्ग पर स्थित लक्ष्मण नगर पुल, विकास खण्ड गिलौला अन्तर्गत गिलौला बाजार, विकास खण्ड इकौना अन्तर्गत एयरपोर्ट, कटरा-मथुरा घाट रोड, कटरा स्थित जेतवन मोड़ से अंगुलीमाल जाने वाली रोड एवं बहराइच -बलरामपुर मार्ग पर ओडाझार गांव के पास रोड पर हो रहे पानी बहाव का निरीक्षण कर जायजा लिया और सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियो को निर्देश दिया कि जिन गाँवो में बाढ़ का पानी



पहुँच गया है उन गाँवो के बाढ़ पीड़ितों को तत्काल एन0डी0आर0एफ0/ फ्लड पी0ए0सी0 टीम मदद से बाहर निकाल कर राहत शिविर में भेजा जाय।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले में स्थापित हर बाढ़ चौकियों पर जरूरी दवाओं के साथ मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और यह भी निर्देशित किया है कि ग्राम स्तर पर जो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आशा एवं आशा संगिनी तैनात है वे अपने गाँव मे ध्यान रखे कि यदि किसी गर्भवती महिला को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जाना है तो उन्हें अस्पताल भेजकर तत्काल सुविधा मुहैया कराए। इसके अलावा उन्होंने बाढ़ राहत से जुड़े अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के भी निर्देश जारी किए गए हैं राहत एवं बचाव कार्य के दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील जमुनहा के अन्तर्गत गांव जोगिया की महिला आरती देवी पत्नी राजकुमार का सुबह सुरक्षित प्रसव के उपरान्त एन0डी0आर0एफ0 की टीम एवं आपदा मित्र द्वारा मोटरबोट से महिला एवं उसके नवजात शिशु को निकालकर राहत शिविर में पहुंचाया।

# सभासद पद हेतु आगामी नगर निकाय चुनावों में सभासद प्रत्याशी द्वारा वितरण फल





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर के मुस्लिम समाज के लोगो द्वारा नगर में जगह जगह भव्य सजावट की गई, घरों को सजाया गया, रविवार को जुलूस निकाला गया जिसमें नगर के तमाम मुस्लिम समाज के लोग आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला के साथ शामिल हुए नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड से सभासद पद के संभावित प्रत्याशी ठाकुर राहुल सिंह व उनके साथ यश प्रताप सिंह ने नगर के चूड़ी बाली गली के आगे फल वितरित किए और जुलूस में शामिल होकर मुस्लिम भाइयो को बारावफात की मुबारकबाद दी, निकाले गए जुलूस मे कई नेता शामिल हुए और मुस्लिम समाज के लोगो को मुबारक बाद दी।


अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


## पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर सपा नेत्री रीबू ने दिया श्रधंजलि



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणासी- समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री रिबू श्रीवास्तव ने ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है उन्होंने बताया कि न्यायप्रिय राजनीति और समाजवादी आंदोलन के मज़बूत स्तंभ समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव जी के निधन से दुखी हूँ। शोषित, वंचित, उत्पीड़ित व पिछड़े वर्ग उनके योगदान को सदैव याद रखेंगे।भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

# संदिग्ध परिस्थितियो मे युवक का शव छत के कुन्डे मे लटकता मिला

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जमुनहा श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत लक्ष्मन पुर के मजरा गुरवा मे दूध डेरी पर दूध देकर वापस घर आकर युवक कमरे मे चला गया। कुछ देर बाद युवक के बाहर न आने पर परिजनो ने अन्दर झांका तो युवक रस्सी के सहारे छत के कुण्डे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना मल्हीपुर के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर कोठी के मजरा गुरूवा निवासी संजय कुमार( 30 ) पुत्र बाबूराम यादव सोमवार की सुबह अपने घर के मवेशियो का दूध दूहकर गांव के दूध डेरी पर देने गया था। थोड़ी देर बाद दूध देने के बाद संजय वापस अपने घर आकर कमरे मे जाकर दरवाजा अन्दर से बन्द कर लिया। काफी देर बीतने के बाद भी जब युवक बाहर नही निकला तो परिजन दरवाजा पीटते हुए खोलने को आवाज लगाते रहे। लेकिन दरवाजा न खुलने पर अन्दर सुराख से देखा तो वह छत के कमरे मे लगे कुण्डी के सहारे रस्सी से लटकता मिला।

जानकारी मिलने पर ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। तथा पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मौत की जानकारी मिल पायेगी।

## भरभराकर गिरा खपरैल मकान, मां बेटी दब कर घायल



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जहां बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। वहीं अब पुराने कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। परसा डेहरिया गांव में पुराना खपरैल का मकान अचानक गिर गया जिसमें दबकर मां बेटी घायल हो गई। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसा डेहरिया में गुलाम मुस्तफा का खपरैल मकान गिरने से मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें बहराइच रेफर कर दिया गया।

# अल्पसंख्यक आयोग सदस्य द्वारा बाढ प्रभावित क्षेत्र मे लंच पेकेट वितरण कर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-भिन्गा श्रावस्ती अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज खान श्रावस्ती पहुंच कर लंच पैकेट का वितरण किया तथा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य में लगे एसडीआरएफ तथा एनडीआरएफ के जवानों से मिलकर बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ हीं जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी से बात कर प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों को



उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान सम्मान अफरोज खान ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ है। दोनों सरकारें बाढ़ की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों का हर सम्भव मदद जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। बाढ़ खत्म होते हीं ग्रामीणों के हुए नुकसान का आंकलन करवाकर सरकार मुआवजा देने का काम करेगी। सम्मान अफरोज ने श्रावस्ती जिले के कटरा, खरगूपुर, चक्र भण्डार, हुसैनजोत, वंश गोपाल पुरवा, बरई पुरवा, राजगढ़ गुलरिहा, बगहा, डिंगुराजोत, मोहम्मदपुर राजा, चिरैंधापुर, भिट्टी, लोहनिया समेत दर्जनों गांवों के बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना तथा लंच पैकेट देकर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

## पार्षद ने जलकल महाप्रबंधक से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन




तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणासी- आज लहरतारा की मनोनीत पार्षद संजू सरोज ने फुलवरिया लहरतारा ओवर ब्रिज के नीचे खराब पाइपलाइन के मरम्मत को लेकर जलकल महाप्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा पार्षद संजू सरोज ने बताया कि चौराहे से लेकर राम जानकी तक विगत 5 महीने से पानी की समस्याओं के निदान के लिए जलकल के प्रबंधक से मुलाकात कर समस्या बताया गया इस दौरान उनके साथ में पार्षद प्रतिनिधि वेद प्रकाश मिश्रा जी भी रहे।

# आयोध्या आई हॉस्पिटल ने लगाया एक दिवसीय जांच शिविर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा - धानेपुर- धानेपुर क्षेत्र के माधवगंज पावर हाउस स्थित शंकर आई केयर सेंटर पर अयोध्या आई हॉस्पिटल की तरफ से नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। आई केयर सेंटर पर कैम्प आयोजक विंदेश्वरी प्रसाद पाण्डेय ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों के उन गरीब परिवारों को जो पैसे और जानकारी के अभाव में आँख सम्बन्धी रोगों का इलाज नही करा पाते उन लोगों के लिए आई हॉस्पिटल की तरफ से कैम्प का आयोजन किया गया, डॉक्टर प्रवीण कुमार तिवारी ने 60 लोगों का नेत्र परीक्षण की जिनमे से बारह मोतियाबिंद के मरीज आपरेशन के लिए चयनिय हुए सभी



मरीजों को हॉस्पिटल की तरफ से भेजे गए वाहन से अयोध्या ले जाया गया जहां सभी का आपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण के बाद काला चश्मा नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा, हॉस्पिटल के वाहन से ही उन्हें वापिस भी लाया जाएगा,

हॉस्पिटल की तरफ से रहने खाने की व्यवस्था भी निशुल्क प्रदान की जायेगी।

# नेपाल से छोड़े गए पानी ने मचाई तबाही,दो दर्जन से अधिक गाँव बाढ़ की जद में

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

इटियाथोक ( गोंडा )- नेपाल से छोड़े गए पानी ने इस वक्त तबाही मचा रखी है। इटियाथोक बाज़ार के तेलियानी कानूनगो ग्राम पंचायत के सात मजरे बाढ़ की जद में है। बीते सात दिनों से कमर तक पानी में लोग किसी तरह मचान बना कर जिंदगी से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर सभी रोजमर्रा की चीजों के लिए लोग मोहताज हैं, दाने दाने को तरस लोगों का हाल लेने तक कोई अब तक नही पहुंचा, जिला प्रशासन एक बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का जो दावा पेश करती है उन दावों की पोल खोलती नज़र आ रही है। आलम ये है इन मज़रो में फंसे हजारो लोग चिकित्सा सेवाओं से महरूम होने के साथ खाद्य वस्तुओं के लिए मोहताज है। कई परिवार ऐसे मिले जिनके बीमार परिजनों का इलाज नही हो पा रहा कोई वाहन अथवा एम्बुलेंस नही जा सकता है। छोटे छोटे बच्चे परिवार के साथ घरों में कैद है स्कूल, अस्पताल, श्मशान हर तरफ पानी ही पानी है। तेलियानी, भटपुरवा, परसियागूदर, हरदईया, पड़री, नसीमाबाद, मेसरपुरवा, ककरहवा,



भोलाजोत, रुपईडीह के ग्राम पंचायत बीरपुर भोज, अनंतपुर, भुलईडीह, भुड़कुड़ी, असिधा, सुसगंवा, खनवापुर, पचुर्खी मनोहरजोत, अमडोहवा, कुरासी, गोपालबाग, गनवरिया, बेलवाभान, लैबुड़वा, कौड़िया सहित दर्जनों गाँव इस जल संकट से घिरे हुए हैं, जिला प्रशासन की तरफ से अभी तक इन गावों में राहत पहुंचाई गयी है। इनमे से कई घरों में दरारे पड़ चुकी है, फसलें डूब चुकी है अनाज सहित खाने पीने के सामन सबकुछ पानी ने बर्बाद कर दिया है, कई परिवार ऐसे है जो अपना घर छोड़ कर किसी ऊचें स्थान पर रह रहे हैं। इस दर्दनाक और भयावह स्थिति से जिला व स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अनजान बना हुआ है किसी तरह की राहत अभी लोगों को नही पहुंचाई गयी।

# सड़क में गड्डा या गड्डे में सड़क



अमरीक सिंह

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश जिला बहराइच थाना मटेरा मटेरा निहाल सिंह पुरवा से नानपारा को जोड़ने वाली रोड करीब 5 वर्षो से रोड खंडार बना हुआ है पानी जमा रहता है ना शासन इस पर ध्यान दे रहा है ना कोई प्रशासन कम से कम 10000 की आबादी रोज का आना जाना इस रोड पर है कहीं बच्चे गिर रहे हैं स्कूल जाने वाले कहीं रिक्शा पलट रहा है किसी की मोटरसाइकिल गिर जा रही हैं इस परकोई ध्यान देने वाला नहीं है करीब 5 वर्षो से चाहे गर्मी या बरसात ठंडी का मौसम है 12 महीने पानी भरा रहता है इतनी गंदगी है कि कुछ कहा जा नहीं सकता है जब की निहाल सिंह पुरवा पर मटेरा थाना नया बन रहा है पर रोड अभी तक नहीं बन रहा है इसके लिए शासन प्रशासन को लिखित में अवगत कराया गया है पर इस रोड पर किसी की नजर नहीं पहुंच रही है जब इलेक्शन का टाइम आता है तो नेता लोग बड़े-बड़े वादे करते हैं की रोड हम जीतेंगे बनाएंगे पर आज तक इस रोड का कोई खबर लेने वाला नहीं है प्रशासन से मीडिया के माध्यम से रोड का सर्वे करवाकर बनवाने का कष्ट करें अक्सर लोग इस रोड पर कोई रोज एक दो बार जरूर गिरते और चोट खा जाता है छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं पानी में कपड़े भी गंदे होते रहते हैं पर इस रोड का कोई ख्याल नहीं है ना ध्यान नहीं दे रहा

www.knlslive.com

# जनहित में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षुता मेला



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा - गोंडा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंडा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया गया जिसमें कुल 5 अधिष्ठान एवं 183 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 9 परीक्षार्थियों का चयन शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु किया गया उक्त मेले के सफल संपादन ने संस्थागत कार्य देशक रिजवानउल हसन, विजय कुमार अनुदेशक, अभिजीत सिंह, विवेक मिश्रा, संजय शुक्ला ने पूर्ण सहयोग किया तथा आयोजन को सफल बनाया।

# डीएम ने बाढ़ से प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को वितरित किये राहत सामग्री



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा - सोमवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील सदर गोंडा के अंतर्गत विकासखंड रूपईडीह में बाढ़ से प्रभावित ग्राम कुरासी, लोनियन पुरवा, मझौवा का निरीक्षण कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा राहत सामग्री भी वितरित किये। साथ ही वहां पर ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ से प्रभावित ग्रामों का सभी संबंधित अधिकारी बराबर निरीक्षण करते रहें ताकि किसी भी ग्रामवासी को कोई दिक्कत न होने पाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा विनोद कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, बीडीओ रुपईडीह वर्षा सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी करने का अभियुक्त माल के साथ गिरफ्तार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा - पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में थाना तरबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत चोरी करने के अभियुक्त- ज्ञानचन्द्र पाण्डेय पुत्र राजेश्वरी पाण्डेय निवासी बधईपुरवा शिवाबख्तावर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का एक अदद मोबाइल लावा सफेद



रंग की बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर पर मु0अ0सं0-400/2022 धारा-379/411 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# लडकी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का वांछित अभियुक्त मिशन शक्ति अभियान के तहत गिरफ्तार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा -पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में थाना मनकापुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त- राजबाबू उर्फ उर्फ मोहम्मद सहवान पुत्र मोहम्मद सरीफ निवासी छोटकी करौंदी थाना



कोतवाली मनकापुर जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना कोतवाली मनकापुर क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में लड़की के माँ द्वारा थाना कोतवाली मनकापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम मे उप निरीक्षक विजय प्रकाश मय टीम शामिल रहे।